24/2024/

संख्या- मु.म.स.33/78-2-2024-ई-1704649

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव/ सचिव,
उ0प्र0 शासन।

आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2

लखनऊ: दिनांक: 12 जून, 2024

विषय: सचिवालय से सम्बद्ध विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा जनपद स्तरीय कार्यालयों में ई-आफिस प्रणाली लागू किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

शासनादेश संख्या–645/78-2-2023-ई-1704649 दिनांक 04.07.2023 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा सचिवालय से सम्बद्ध निदेशालयों,विभागाध्यक्ष कार्यालयों, जनपद स्तरीय कार्यालयों में समयबद्ध एवं निर्धारित सारणी के अनुसार ई-आफिस प्रणाली क्रियान्वित कर लागू किये जाने के विस्तृत निर्देश दिये गये थे। तथापि लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी कतिपय विभागों में अभी तक पूर्ण कर्मचारी मास्टर विवरण प्रबंधक (ईएमडी एम) नामित नहीं किए गए हैं। साथ ही कई विभागों में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। यह स्थिति कदापि स्वीकार नहीं है।

2. अतः उक्त निर्देशों के क्रम में ई-ऑफिस प्रणाली के समयबद्ध रूप से क्रियान्वयन तथा उसकी गति बढाने के दृष्टिगत निम्नानुसार पुनः निर्देशित किया जाता है:

(1) नई पत्रावलियों का सृजन पूर्णरूप से ई-ऑफिस पर किया जाए। इनका परिचालन शत-प्रतिशत ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाए। किसी भी दशा में भौतिक रूप से इन पत्रावलियों का परिचालन न किया जाए।

(2) वर्तमान में प्रचलित पत्रावलियों के डिजिटाइजेशन एवं स्कैनिंग का कार्य 30 जून, 2024 तक पूर्ण कराकर इन पत्रावलियों का शत-प्रतिशत परिचालन ई-ऑफिस के माध्यम से किया जाए।

(3) ई-ऑफिस पर प्रतिदिन प्राप्त होने वाले पत्र/डाक अन्तरित करने की सुविधा भी उपलब्ध है। इस माड्यूल का उपयोग डाक के बेहतर प्रबन्धन एवं अनुश्रवण के लिए किया जाए।

3. अस्तु, मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया 'पेपर-लेस ऑफिस' की अवधारणा को शासकीय कार्य पद्धति में पूर्णरूप से लागू करने के लिए उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए अपने अधीनस्थ निदेशालयों/ विभागाध्यक्ष कार्यालयों/ सार्वजनिक उपक्रमों/ संस्थानों/ संगठनों, मंडलायुक्त/ जिलाधिकारी कार्यालयों एवं पुलिस विभाग के अधीन कार्यालयों, जिनके द्वारा अभी तक ई-आफिस प्रणाली का क्रियान्वयन नहीं किया गया है, ई-आफिस प्रणाली पूर्ण रूप से क्रियान्वित कर निर्धारित प्रारूप पर क्रियान्वयन/प्रगति की सूचना नोडल संस्था-यूपी

इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड(यूपीएलसी) एवं आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग को अविलम्ब उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नक-यथोक्त

Signed by
Durga Shanker Mishra
Date: 06-06-2024 18:34:50
(दुर्गा शंकर मिश्र)
मुख्य सचिव

24/2024/मु.मे.से.

पृष्ठांकन संख्या- 330(1)/78-2-2024- ई-1704649 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. समाज कल्याण आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
2. कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
3. अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
4. महालेखाकार, लेखा परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय कार्यालय, इलाहाबाद।
5. अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
6. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
7. निजी सचिव, मा. मंत्री जी, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।
8. निजी सचिव, मा. राज्यमंत्री जी, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।
9. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
10. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0 प्र0 शासन।
11. संयुक्त सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0 प्र0 शासन।
12. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी., उत्तर प्रदेश लखनऊ।
13. राज्य समन्वयक, सेन्टर फॉर ई-गवर्नेन्स, लखनऊ।
14. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को, गोमतीनगर, लखनऊ।
15. प्रबन्ध निदेशक, यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ।
16. निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, लखनऊ।
17. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
राहुल सिंह
विशेष सचिव

File No.78-02099/26/2023-00 0 -2-00

संख्या-645/78-2-2023-ई-1704649

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र

मुख्य सचिव

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश।

आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक:04 जुलाई, 2023

विषयः सचिवालय एवं सचिवालय से सम्बद्ध निदेशालयों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों, जनपद स्तरीय कार्यालयों इत्यादि में ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

शासकीय कार्य-पद्धति को 'पेपरलेस ऑफिस' में परिवर्तित करके शासकीय कार्यचालन क्षमता में सुधार के लक्ष्य के साथ सचिवालय स्थित समस्त विभागों/ कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली कार्यान्वित किए जाने के पश्चात उत्तर प्रदेश सचिवालय से सम्बद्ध विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा जनपद स्तरीय कार्यालयों में एन.आई.सी. द्वारा विकसित ई-ऑफिस प्रणाली लागू किये जाने के सम्बन्ध में आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2, द्वारा शासनादेश संख्या-09/2018/418/78-2-2018-80आईटी /2017टीसी दिनांक 25 जून 2018 निर्गत किया गया है, जिसके द्वारा ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किये गये हैं।

2. एन.आई.सी. द्वारा विकसित ई-ऑफिस प्रणाली को प्रदेश में क्रियान्वित किए जाने हेतु वर्तमान में सचिवालय प्रशासन (https://sad.upeoffice.gov.in), विभागाध्यक्ष कार्यालय (https://dir1.upeoffice.gov.in), जनपद एवं मण्डल स्तरीय कार्यालय (https:// districts. upeoffice.gov.in) तथा पुलिस विभाग (https://police.upeoffice.gov.in) हेतु 04 दृष्टान्त (Instance) का सृजन स्टेट डाटा सेन्टर पर किया गया है। अद्यतन 16 निदेशालयों/ विभागाध्यक्ष कार्यालयों, 24 सार्वजनिक उपक्रमों/ संस्थानों/ संगठनों तथा पुलिस विभाग के अन्तर्गत 9 कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली को गो-लाइव किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 96 कार्यालयों (अनुलग्नक-1) में ई-ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन प्रक्रिया अन्तर्गत है।

3. उपरोक्त के क्रम में, ई-ऑफिस प्रणाली के समयबद्ध रूप से क्रियान्वयन तथा उसकी गति बढ़ाने के दृष्टिगत निम्नानुसार पुनः निर्देशित किया जाता है:

i. ई-ऑफिस प्रणाली हेतु अनुलग्नक-1 में वर्णित क्रियान्वयनाधीन समस्त सम्बन्धित निदेशालयों/ विभागाध्यक्ष कार्यालयों सार्वजनिक उपक्रमों /संस्थानों/ संगठनों, पुलिस विभाग के अधीन कार्यालयों तथा जनपद स्तरीय कार्यालयों इत्यादि में प्रत्येक स्थिति में दिनांक 25 दिसम्बर 2023 (Good Governance Day) तक निम्नवत् समय-सारणी के अनुसार, ई-ऑफिस प्रणाली का पूर्ण रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये:

क्र.	अपेक्षित कार्यवाही	कार्यवाही का स्तर	समयावधि
1	ई एमडी मैनेजर एवं नोडल अधिकारी नामित किया जाना	विभागाध्यक्ष द्वारा	1 सप्ताह (दिनांक 01 जुलाई से 7 जुलाई, 2023)
2	ई-आफिस हेतु यूजर्स का चिन्हांकन	विभागाध्यक्ष द्वारा	1 माह (दिनांक 01 जुलाई से 31 जुलाई, 2023)
3	प्रत्येक यूजर की गवर्नमेन्ट ई-मेल आई0डी0 (Name Based) बनवाया जाना	विभागाध्यक्ष द्वारा एनआईसी एवं यूपीएलसी के सहयोग से	1 माह (दिनांक 01 जुलाई से 31 जुलाई, 2023)
4	कम्प्यूटर हार्डवेयर का आकलन	विभागाध्यक्ष द्वारा	1 माह (दिनांक 01 जुलाई से 31 जुलाई, 2023)
5	मास्टर ट्रेनर्स नामित किया जाना	विभागाध्यक्ष द्वारा	15 दिवस (दिनांक 01 जुलाई से 15 जुलाई, 2023)
6	ईएमडी डाटा शीट तैयारकर एनआईसी सर्वर पर मैप किया जाना	सम्बन्धित विभाग द्वारा यूपीएलसी के सहयोग से	2 माह (दिनांक 01 जुलाई से 31 अगस्त, 2023)
7	निकनेट अथवा वीपीएन कनेक्टीविटी प्राप्त करना	एनआईसी/ यूपीएलसी	1 माह (दिनांक 01 अगस्त से 31 अगस्त, 2023)
8	प्रत्येक यूजर का डिजिटल सिग्नेचर बनवाया जाना	विभागाध्यक्ष द्वारा एनआईसी एवं यूपीएलसी के सहयोग से	1 माह (दिनांक 01 अगस्त से 30 सितम्बर, 2023)
9	ईएमडी मैनेजर एवं मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जाना।	यूपीएलसी	3 माह (दिनांक 01 सितम्बर से 30 नवम्बर, 2023)
10	ई-ऑफिस का लाइव क्रियान्वयन करना	सम्बन्धित विभाग द्वारा यूपीएलसी के सहयोग से	25 दिसम्बर 2023

ii. शेष समस्त निदेशालयों/ विभागाध्यक्ष कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों/ संस्थानों/ संगठनों, जिलाधिकारी कार्यालय, आयुक्त कार्यालय एवं पुलिस विभाग के अधीन कार्यालय इत्यादि, जहाँ पर ई-ऑफिस प्रणाली लागू किये जाने का कार्य आरम्भ नहीं हुआ

है, वहाँ पर ई-ऑफिस प्रणाली प्रत्येक स्थिति में दिनांक 31 मार्च 2024 तक लागू कर दी जाये तथा इसके लिए उपरोक्त कार्य (Activities) यथाशीघ्र/ निम्न समय-सारणी के अनुसार पूर्ण कराये जायें:

क्र.	अपेक्षित कार्यवाही	कार्यवाही का स्तर	समयावधि
1	ईएमडी मैनेजर एवं नोडल अधिकारी नामित किया जाना	विभागाध्यक्ष द्वारा	1 माह (दिनांक 01 अगस्त से दिनांक 31 अगस्त , 2023)
2	ई-आफिस हेतु यूजर्स का चिन्हांकन	विभागाध्यक्ष द्वारा	1 माह (01 सितम्बर, 2023 से दिनांक 30 सितम्बर, 2023)
3	प्रत्येक यूजर की गवर्नमेन्ट ई-मेल आई0डी0 (Name Based) बनवाया जाना	विभागाध्यक्ष द्वारा एनआईसी एवं यूपीएलसी के सहयोग से	1 माह (01 सितम्बर, 2023 से दिनांक 30 सितम्बर, 2023)
4	कम्प्यूटर हार्डवेयर का आकलन	विभागाध्यक्ष द्वारा	1 माह (01 सितम्बर, 2023 से दिनांक 30 सितम्बर, 2023)
5	मास्टर ट्रेनर्स नामित किया जाना	विभागाध्यक्ष द्वारा	1 माह (01 सितम्बर, 2023 से दिनांक 30 सितम्बर, 2023)
6	ईएमडी डाटा शीट तैयारकर एनआईसी सर्वर पर मैप किया जाना	सम्बन्धित विभाग द्वारा यूपीएलसी के सहयोग से	2 माह (दिनांक 01 सितम्बर 2023 से दिनांक 31 अक्टूबर, 2023)
7	निकनेट अथवा वीपीएन कनेक्टीविटी प्राप्त करना	एनआईसी/यूपीएलसी	2 माह (दिनांक 01 नवंबर 2023 से दिनांक 31 दिसंबर, 2024)
8	प्रत्येक यूजर का डिजिटल सिग्नेचर बनवाया जाना	विभागाध्यक्ष द्वारा एनआईसी एवं यूपीएलसी के सहयोग से	2 माह (दिनांक 01 जनवरी 2024 से दिनांक 29 फरवरी, 2024)
9	ईएमडी मैनेजर एवं मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जाना।	यूपीएलसी	2 माह (दिनांक 01 जनवरी से दिनांक 29 फरवरी, 2024)
10	ई-ऑफिस का लाइव क्रियान्वयन करना	सम्बन्धित विभाग द्वारा यूपीएलसी के सहयोग से	31 मार्च, 2024

iii. जनपद एवं मण्डल के अधीनस्थ कार्यालयों में भी अनिवार्य रूप से ई-आफिस प्रणाली लागू की जायेगी। इन कार्यालयों में ई-आफिस प्रणाली के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर की व्यवस्था सम्बन्धित विभाग द्वारा की जायेगी।

iv. ई-आफिस प्रणाली क्रियान्वित किये जाने हेतु सम्बन्धित विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्यवाही किया जाएगा:

क्र.	अपेक्षित कार्यवाही	कार्यवाही का स्तर
1	ईएमडी मैनेजर तथा नोडल अधिकारी नामित किया जाना	विभागाध्यक्ष द्वारा
2	कार्यालय स्तर पर ई-आफिस यूजर का चिन्हांकन	विभागाध्यक्ष द्वारा
3	प्रत्येक यूजर की गवर्नमेन्ट ई-मेल आईडी तैयार किया जाना	एनआईसी/ यूपीएलसी
4	ईएमडी मास्टर डाटा शीट तैयार एवं मैप कराना	सम्बन्धित विभाग के ईएमडी मैनेजर द्वारा यूपीएलसी के सहयोग से
5	प्रत्येक यूजर का डिजिटल सिग्नेचर	यूपीएलसी
6	निकनेट/ वीपीएन कनेक्टिविटी	एनआईसी/ यूपीएलसी
7	ई-ऑफिस प्रणाली का प्रशिक्षण	यूपीएलसी
8	अन्य कोई कार्यवाही अपेक्षित	विभागाध्यक्ष द्वारा

- जनपदों में ई-ऑफिस प्रणाली के कार्यान्वयन हेतु जिला स्तरीय एन.आई.सी. कार्यालय/ डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेन्स सोसायटी द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा।
- सम्बन्धित कार्यालयों के अधिकारियों/ कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण संस्था का चयन नोडल संस्था यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) द्वारा किया जायेगा।
- ई-ऑफिस प्रणाली उपयोगकर्ताओं के डिजिटल सिग्नेचर नोडल संस्था- यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी), 10-अशोक मार्ग, लखनऊ द्वारा बनाये जायेंगे।
- एन.आई.सी. में कार्यरत वर्तमान डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर्स के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार अन्य डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर्स की सेवायें प्राप्त की जायें। नोडल एजेन्सी द्वारा ई-प्रणाली के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु आवश्यकतानुसार नई जनशक्ति यूपीएलसी एवं पीएमयू के स्तर पर तैनात की जाये।
- वर्तमान में प्रत्येक दृष्टान्त (Instance) की क्षमता 5,000 उपयोगकर्ताओं के लिए है। वर्तमान में यह दृष्टान्त पूर्ण क्षमता के साथ कार्य कर रहे हैं। इन दृष्टान्तों का अपेक्षित उन्नीकरण आवश्यक है। अतः प्रत्येक दृष्टान्त की क्षमता को बढ़ाकर 15,000 उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ कराया जाये। इस प्रयोजन हेतु एन.आई.सी. के परामर्श अनुसार, आवश्यक उपकरणों का क्रय एवं स्टेट डाटा सेन्टर पर उनकी स्थापना तथा इस कार्य हेतु स्टेट डाटा सेन्टर पर आवश्यक तकनीकी जनशक्ति की व्यवस्था यूपीडेस्को द्वारा सुनिश्चित की जाये।
- ई-ऑफिस प्रणाली के लिए यूपीएलसी तथा यूपीडेस्को के स्तर पर किए जाने वाले कार्यों हेतु आय-व्ययक की व्यवस्था आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा की जायेगी।
- ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा निम्नवत की जानी प्रस्तावित है:

क्र.	समीक्षा का स्तर	प्रतिभागी	अवधि
1	समस्त अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव	सम्बन्धित विभागों के अधीनस्थ कार्यालय, सार्वजनिक उपक्रम/ संस्थान/ संगठन इत्यादि	पाक्षिक आधार पर
2	अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग	विभागीय नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक	मासिक आधार पर
3	मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश	सम्बन्धित विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव/ मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी	प्रत्येक दो माह पर

4. प्रगति की सूचना, समस्त विभाग अनुलग्नक-2 पर संलग्न प्रारूप पर आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग तथा नोडल संस्था-यूपीएलसी को उपलब्ध करायेंगे।

5- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,उत्तर प्रदेश शासन अपने अधीनस्थ निदेशालयों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों/ संस्थानों/संगठनों इत्यादि तथा मंडलायुक्त/जिलाधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यलयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू किये जाने हेतु उपरोक्त निर्देशों के अनुरूप उपयुक्त दिशा-निर्देश अविलम्ब जारी कर निर्धारित समय सरणी के अनुसार कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

Signed by दुर्गा शंकर मिश्र
Date: 03-07-2023 16:25:32
R(दुर्गा शंकर मिश्र)d

मुख्य सचिव

संख्या एवं दिनांक उपर्युक्तानुसार

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. समाज कल्याण आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
2. कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
3. अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
4. महालेखाकार, लेखा परीक्षा - प्रथम एवं द्वितीय कार्यालय, इलाहाबाद
5. अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
6. अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
7. निजी सचिव, मा. मंत्री जी, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।
8. निजी सचिव, मा. राज्यमंत्री जी, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।

9. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
10. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग , उ0 प्र0 शासन।
11. निजी सचिव, विशेष सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0 प्र0 शासन।
12. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी., उत्तर प्रदेश लखनऊ।
13. राज्य समन्वयक, सेन्टर फॉर ई-गवर्नेन्स, लखनऊ।
14. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को,गोमतीनगर , लखनऊ।
15. प्रबन्ध निदेशक, यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ।
16. निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, लखनऊ।
17. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(अक्षय त्रिपाठी)
विशेष सचिव

अनुलग्नक–1

ई–आफिस योजनान्तर्गत प्रदेश के निदेशालयों/विभागाध्यक्ष कार्यालयों/जनपदों/सार्वजनिक उपकमों/संस्थानों/संगठनों तथा पुलिस विभाग में ई–आफिस प्रणाली के कियान्वयन की स्थिति

क्र0 सं0	निदेशालय /संस्था का नाम	विभाग का नाम	ईएमडी नामित	ईएमडी डाटा मैपिंग	निकनेट कनेक्टिविटी	डिजिटल सिग्नेचर	प्रशिक्षण
1	बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय	बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार	हां	नही	नही	नही	नही
2	कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग निदेशालय	खादी एवं ग्रामोद्योग	हां	नही	नही	नही	नही
3	महिला कल्याण निदेशालय	महिला कल्याण	हां	नही	नही	नही	नही
4	कर्मचारी राज्य बीमा योजना निदेशालय	श्रम	हां	नही	नही	नही	नही
5	कृषि निदेशालय	कृषि	हां	नही	नही	नही	नही
6	सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास निदेशालय	सैनिक कल्याण	हां	नही	नही	नही	नही
7	प्राविधिक शिक्षा निदेशालय	प्राविधिक शिक्षा	हां	नही	नही	नही	नही
8	आयुक्त ,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन	खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन	हां	नही	नही	नही	नही
9	स्वास्थ्य निदेशालय	चिकित्सा एवं स्वास्थ्य	हां	नही	नही	नही	नही
10	आयुक्त, खाद्य एवं रसद	खाद्य एवं रसद विभाग	हां	नही	नही	नही	नही
11	सूचना निदेशालय	सूचना	हां	नही	नही	नही	नही
12	प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय	व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास	हां	नही	नही	नही	नही
13	संस्थागत वित्त, बीमा एवं वाह्य सहायतित परियोजना निदेशालय	वाह्य सहायतित परियोजना	हां	नही	नही	नही	नही
14	आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय	वित्त	हां	नही	नही	नही	नही
15	निदेशालय, ग्रामीण अभियन्त्रण	ग्रामीण अभियन्त्रण	हां	नही	नही	नही	नही
16	स्थानीय लोकल फण्ड निदेशालय प्रयागराज	वित्त	हां	नही	नही	नही	नही
17	बेसिक शिक्षा निदेशालय	बेसिक शिक्षा	हां	नही	नही	नही	नही
18	पशुपालन निदेशालय	पशुपालन	हां	नही	नही	नही	नही
19	उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा निदेशालय	वित्त	हां	नही	नही	नही	नही
20	हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय	हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग	हां	नही	नही	नही	नही
21	पुरातत्व निदेशालय	राज्य सम्पत्ति	हां	नही	नही	नही	नही

क्र0 सं0	निदेशालय /संस्था का नाम	विभाग का नाम	ईएमडी नामित	ईएमडी डाटा मैपिंग	निकनेट कनेक्टिविटी	डिजिटल सिग्नेचर	प्रशिक्षण
22	पेंशन निदेशालय	वित्त	हां	नही	नही	नही	नही
23	उ0प्र0 कौशल विकास मिशन निदेशालय	व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास	हां	नही	नही	नही	नही
24	प्रमुख अभियन्ता कार्यालय लोक निर्माण	लोक निर्माण	हां	नही	नही	नही	नही
25	प्रमुख अभियन्ता कार्यालय सिचाई एवं जल संसाधन	सिचाई एंव जल संसाधन	हां	नही	नही	नही	नही
26	राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद	व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास	हां	नही	नही	नही	नही
27	संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद	प्राविधिक शिक्षा	हां	नही	नही	नही	नही
28	उ0प्र0 राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था	कृषि	हां	नही	नही	नही	नही
29	आवास एवं विकास परिषद	आवास एवं शहरी नियोजन	हां	नही	नही	नही	नही
30	यू0पी0डेस्को	आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स	हां	नही	नही	नही	नही
31	सेण्टर फॉर ई–गवर्नेन्स	आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स	हां	नही	नही	नही	नही
32	श्रीट्रान इण्डिया लिमिटेड	आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स	हां	नही	नही	नही	नही
33	अपट्रान पावरट्रानिक्स लिमिटेड	आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स	हां	नही	नही	नही	नही
34	राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0	निर्वाचन	हां	नही	नही	नही	नही
35	सहकारी संस्थागत सेवामण्डल कार्यालय	सहकारिता	हां	नही	नही	नही	नही
36	उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति	अल्पसंख्यक कल्याण विभाग	हां	नही	नही	नही	नही
37	राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन	चिकित्सा एवं स्वास्थ्य	हां	नही	नही	नही	नही
38	सिफ्सा	चिकित्सा एवं स्वास्थ्य	हां	नही	नही	नही	नही
39	प्राविधिक शिक्षा परिषद	प्राविधिक शिक्षा	हां	नही	नही	नही	नही
40	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी	हां	नही	नही	नही	नही
41	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान	समाज कल्याण	हां	नही	नही	नही	नही
42	सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो	सार्वजनिक उद्यम	हां	नही	नही	नही	नही
43	कार्यालय मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियां एवं पंचायतें	वित्त	हां	नही	नही	नही	नही
44	महानिदेशक, उ0प्र0 प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी	नियुक्ति एवं कार्मिक	हां	नही	नही	नही	नही
45	निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो	सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्योग निर्यात प्रोत्साहन	हां	नही	नही	नही	नही
46	लखनऊ विकास प्राधिकरण	आवास एवं शहरी नियोजन	हां	नही	नही	नही	नही

क्र0 सं0	निदेशालय /संस्था का नाम	विभाग का नाम	ईएमडी नामित	ईएमडी डाटा मैपिंग	निकनेट कनेक्टिविटी	डिजिटल सिग्नेचर	प्रशिक्षण
47	गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण	औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना	हां	नही	नही	नही	नही
48	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद	राजनैतिक पेंशन	हां	नही	नही	नही	नही
49	जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक	पंचायतीराज	हां	नही	नही	नही	नही
50	यूपीनेडा	ऊर्जा	हां	नही	नही	नही	नही
51	सहारनपुर विकास प्राधिकरण	आवास एवं शहरी नियोजन	हां	नही	नही	नही	नही
52	उ0प्र0 एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण	औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना	हां	नही	नही	नही	नही
53	राज्य लोक सेवा अभिकरण	न्याय	हां	नही	नही	नही	नही
54	गवर्न्मेण्ट इंस्टीटयूट आफ मेडिकल साइंसेज गेटर नोएडा	चिकित्सा शिक्षा	हां	नही	नही	नही	नही
55	उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई इटावा	चिकित्सा शिक्षा	हां	नही	नही	नही	नही
56	उ0प्र0 कोआपरेटिव यूनियन लिमिटेड	सहकारिता	हां	नही	नही	नही	नही
57	मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण	आवास एवं शहरी नियोजन	हां	नही	नही	नही	नही
58	उ0प्र0 मत्स्य जीवी सहकारी संघ लि0	मत्स्य	हां	नही	नही	नही	नही
59	डा0 राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान	चिकित्सा शिक्षा	हां	नही	नही	नही	नही
60	पुलिस आयुक्त कानपुर	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
61	उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
62	कार्यालय पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
63	कार्यालय पुलिस अधीक्षक गोण्डा	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
64	कार्यालय पुलिस अधीक्षक बलरामपुर	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
65	कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक चित्रकूटधाम बांदा	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
66	कार्यालय पुलिस अधीक्षक हापुड़	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
67	कार्यालय पुलिस अधीक्षक बहराइच	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
68	कार्यालय पुलिस अधीक्षक महोबा	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
69	कार्यालय पुलिस अधीक्षक खीरी	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
70	कार्यालय पुलिस अधीक्षक अमेठी	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
71	कार्यालय पुलिस अधीक्षक देवरिया	गृह	हां	नही	नही	नही	नही

क0 सं0	निदेशालय /संस्था का नाम	विभाग का नाम	ईएमडी नामित	ईएमडी डाटा मैपिंग	निकनेट कनेक्टिविटी	डिजिटल सिग्नेचर	प्रशिक्षण
72	कार्यालय पुलिस अधीक्षक रायबरेली	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
73	कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रयागराज	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
74	कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
75	कार्यालय पुलिस अधीक्षक श्रावास्ती	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
76	कार्यालय पुलिस अधीक्षक अम्बेडकर	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
77	उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय महानगर लखनऊ	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
78	कार्यालय पुलिस अधीक्षक बाराबंकी	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
79	कार्यालय पुलिस अधीक्षक उन्नाव	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
80	कार्यालय पुलिस अधीक्षक हरदोई	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
81	कार्यालय पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
82	कार्यालय अपर पुलिस महानिदेश मेरठ जोन मेरठ	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
83	कार्यालय पुलिस अधीक्षक महराजगंज	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
84	कार्यालय पुलिस अधीक्षक हमीरपुर	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
85	कार्यालय पुलिस अधीक्षक जालौन	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
86	कार्यालय पुलिस अधीक्षक बागपत	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
87	कार्यालय पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
88	कार्यालय अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
89	पुलिस आयुक्त आगरा	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
90	पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा	गृह	हां	नही	नही	नही	नही
91	जिलाधिकारी कन्नौज	जिलाधिकारी कन्नौज	हां	नही	नही	नही	नही
92	जिलाधिकारी गोण्डा	जिलाधिकारी गोण्डा	हां	नही	नही	नही	नही
93	जिलाधिकारी सहारनपुर	जिलाधिकारी सहारनपुर	हां	नही	नही	नही	नही
94	जिलाधिकारी मुरादाबाद	जिलाधिकारी मुरादाबाद	हां	नही	नही	नही	नही
95	जिलाधिकारी झांसी	जिलाधिकारी झांसी	हां	नही	नही	नही	नही
96	जिलाधिकारी मेरठ	जिलाधिकारी मेरठ	हां	नही	नही	नही	नही

अनुलग्नक–2

ई–आफिस प्रणाली के कियान्वयन की प्रगति

विभाग का नाम

विभाग के अधीनस्थ निदेशालय / विभागाध्यक्ष कार्यालय / पी.एस.यू. / संस्थानों / संगठनों के नाम

1.
2.
3.
4.

ई–आफिस प्रणाली के कियान्वयन की स्थिति

क्र.सं.	अपेक्षित कार्यवाही	कार्यवाही की स्थिति
1	ईएमडी मैनेजर तथा नोडल अधिकारी नामित किया जाना	
2	कार्यालय स्तर पर ई–आफिस यूजर का चिन्हांकन	
3	प्रत्येक यूजर की गवर्मेण्ट ई–मेल आईडी	
4	ईएमडी मास्टर डाटा शीट तैयार एवं मैप कराना	
5	प्रत्येक यूजर का डिजिटल सिग्नेचर	
6	निकनेट / वीपीएन कनेक्टिविटी	
7	ई–ऑफिस प्रणाली का प्रशिक्षण	
8	अन्य कोई कार्यवाही अपेक्षित	